जिला परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, चित्रकूट

पत्रांक / क0गा0बा0वि0 / 1354-61 /2021–22 दिनांक – 13/08/2021

विज्ञप्ति

उ0प्र0 शासन के शासनादेश सं0 1553 / 68–06–2020 दिनांक 11 दिसम्बर 2020 तथा महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0 / शिक्षा / 8362 / 2015–16 दिनांक 04 जनवरी 2021 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय चित्रकूट अनुमोदन दिनांक 19.07.2021 के अनुपालन में जनपद चित्रकूट में संचालित 04 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नितान्त अस्थायी रुप से सृजित रिक्त पदो के सापेक्ष संविदा पर चयन हेत इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चित्रकूट में निर्धारित प्रारुप पर दिनांक 28/08/2021 तक निम्नलिखित पदो पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। आवेदित पदो का विवरण निम्नवत है–

क0 सं0	पद	विषय	कुल पद	आरक्षण की श्रेणी			निर्धारित मासिक मानदेय	अनिवार्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हता
				अनार क्षित	पिछडा वर्ग	अनु0 जाति		
1	फुल टाइम टीचर	गणित	1	1	–	–	22000.00	बी0एस0सी0(P.C.M.) तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / एल0टी0 समकक्ष तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण
		विज्ञान	4	2	–	2		बी0एस0सी0 (Z.B.C.) तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / एल0टी0 समकक्ष तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण
		अंग्रेजी	1	1	–	–		अंग्रेजी विषय से स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / एल0टी0 समकक्ष तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण
2	पार्ट टाइम टीचर	स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा	2	1	1	–	9800.00	एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0पी0एड0 / सी0पी0एड0 / डी0पी0एड0 की उपाधि
		कला एवं काफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प	2	2	–	–		स्नातक उपाधि के साथ–साथ कला / काफ्ट / संगीत एवं गृह शिल्प से सम्बन्धित प्रशिक्षण उपाधि
3	लेखाकार	–	1	–	–	1	11000.00	स्नातक वाणिज्य उपाधि के साथ–साथ एम0एस0आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। D.O.E.A.C.C. या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा मे 'ओ' लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा मे अभ्यर्थी को चयन मे वरीयता
4	सहायक रसोइया	–	1	1	–	–	5175.00	कक्षा–08 उत्तीर्ण

आवश्यक निर्देश –:

1. फुल टाइम टीचर / लेखाकार / सहायक रसोईया के पदो पर केवल महिला अभ्यर्थी का ही चयन किया जायेगा।
2. उपरोक्त सभी रिक्त पदो की संख्या घट–बढ सकती है, विषयवार एवं आरक्षणवार सीटो का अन्तिम निर्धारण चयन समिति द्वारा किया जायेगा।चयन के संबंध में जिला चयन समिति का निर्णय अन्तिम निर्णय माना जायेगा तथा किसी भी अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।
3. के0जी0बी0वी0 मे ऐसे शिक्षक / शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उन शिक्षको क चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश सं0 के0जी0बी0वी0 / 3–2 / 1916 / 2013–14 दिनांक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षको के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नही होगी। आवेदक को तत्सम्बन्धी प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवा होगा।
4. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, विषय एवं आरक्षित वर्ग लिखना अनिवार्य है।

5. आवेदन पत्र के साथ 25x10 से0मी0 के दो लिफाफे, जिनमे प्रत्येक पर रु0 41–41 का डाक टिकट लगा हो एवं स्वयं का पता स्पष्ट एवं पूर्णरुप में लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. पूर्णकालिक शिक्षिका, एवं सहायक रसोईया को विद्यालय परिसर में ही स्वयं की व्यवस्था पर निवास करना अनिवार्य होगा।
7. शारीरिक अक्षमता, संक्रामक रोग एवं गम्भीर बीमारी से युक्त अभ्यर्थी आवेदन के पात्र नही होगे। चयनोपरान्त सी0एम0ओ0 से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यता/निवास/जाति प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां सलग्न करना अनिवार्य है। बी0एड0 या समकक्ष की उपाधि एन0सी0टी0ई0 से मान्य संस्था द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे।
9. शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चयनित अभ्यर्थियों का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा। कार्य व व्यवहार अच्छा होने पर जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त अगले सत्र के लिए नवीनीकरण किया जायेगा।
10. सभी पदो हेतु न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। आयु की गणना 01.04.2021 से की जायेगी। सत्र 2020–21 मे संविदा से वंचित रह गये शिक्षक/शिक्षिकाओ को अधिकतम आयु सीमा से छूट प्रदान की जायेगी किन्तु उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
11. अलग–अलग पद एवं विषय के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा।
12. एक लिफाफे मे एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा।
13. फुलटाइम टीचर, पार्टटाइम टीचर व लेखाकार के पदो पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। सहायक रसोइया के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।
14. अन्तिम तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।
15. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप मे ही मान्य होगें। अपूर्ण एवं अस्पष्ट रूप से भरे आवेदन,बिना फोटो के आवेदन तथा अपठनीय हस्ताक्षर होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें।
16. विज्ञप्ति मे किसी भी प्रकार का बदलाव व निरस्त करने पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
17. किसी सेवा से बर्खास्त,नैतिक/चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध मे यथोचित समाधान करेगे।
18. आवेदन कर्ता को आवेदन पत्र के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा जिसमे स्पष्ट उल्लेख होगा कि "मै· श्री/श्रीमती/कुमारी .....पुत्र/पुत्री/श्री..... निवासी .....को भली–भॉति जानता एवं पहचानता हूँ।
19. विज्ञप्ति पदों से संबंधित आवेदन पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 28.08.2021 को सायं 5.00 बजे तक ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, चित्रकूट में स्वीकार किये जायेगे। विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।

(राजीव रंजन मिश्र)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
चित्रकूट

पृ०सं० व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1–राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2–जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट को सादर अवलोकनार्थ।
3–मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट को सादर अवलोकनार्थ।
4–समस्त उपजिलाधिकारी,जनपद–चित्रकूट इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति एवं आवेदन प्रारूप को कार्यालय के सूचना पट मे चस्पा कराने का कष्ट करे।
5–प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, शिवरामपुर चित्रकूट इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति एवं आवेदन प्रारूप को कार्यालय के सूचना पट मे चस्पा कराने का कष्ट करे।
6–समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद–चित्रकूट इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति एवं आवेदन प्रारूप को कार्यालय के सूचना पट मे चस्पा कराने का कष्ट करे।
7–समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद–चित्रकूट इस आशय के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति एवं आवेदन प्रारूप को कार्यालय के सूचना पट मे चस्पा कराने का कष्ट करे।
8–जिला सूचना अधिकारी,एन0आई0सी0 चित्रकूट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति एवं आवेदन प्रारूप को जनपद की एन0आई0सी0 वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करे।

(राजीव रंजन मिश्र)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
चित्रकूट

आवेदन पत्र का प्रारूप

यहां अपनी फोटो चस्पा करें

1. विज्ञापन संख्या–.....
2. आवेदक का नाम–.....
3. आवेदक के पिता का नाम–.....
4. आवेदक के पति का नाम–.....
5. आवेदित पद का नाम–.....
6. विषय का नाम–.....
7. जन्म तिथि–(शैक्षिक अभिलेखानुसार).....
8. दिनांक–01.04.2021 को आयु–वर्ष.....माह.....दिन.....
9. स्थायी पता––.....
   .....
10. पत्र व्यवहार का पता–.....
    .....
11. वर्ग (सामान्य,अनु0जाति,अनु0जनजाति,पिछडी जाति).....
12. अनुभव.....(प्रमाण पत्र संलग्न करे।)
13. मोबाइल नम्बर (आवास)..... मोबाइल नम्बर (व्यक्तिगत).....
14. **शैक्षिक योग्यता का विवरण–**

क0सं0	परीक्षा का नाम	बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम	वर्ष	समस्त विषयो के नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1	कक्षा–8						
2	हाईस्कूल						
3	इण्टरमीडिएट						
4	स्नातक बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0पी0एड0						
5	बी0एड0/एल0टी0						
6	टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर)						
7	अन्य योग्यता						

15. संलग्नको का विवरण–.....

घोषणा पत्र

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा अंकित उपरोक्त विवरण सत्य है चयन के पूर्व अथवा बाद मे जॉचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाती है तो मुझे कोई आपत्ति नही होगी। पूर्ण कालिक शिक्षिका/सहायक रसोइया के पद पर नियुक्ति पश्चात रात्रि निवास विघालय मे ही करूगीं यदि मेरे द्वारा इसका पालन नही किया जाता है तो मेरे विरूद्ध निष्कासन की कार्यवाही की जाती है तो इसके लिए मै पूर्ण रूप से उत्तरदायी होउगॉ/होउगीं।

मेरा कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर मेरे संविदा चयन को यदि निरस्त कर दिया जाता है तो मुझे कोई आपत्ति नही होगी और इस सम्बन्ध मे किसी भी माननीय न्यायालय मे वाद दायर नही करूगां/करूंगी।

आवेदक के हस्ताक्षर.....

आवेदक का नाम.....

दिनांक.....

स्थान .....

पता व मो0न0.....